प्रेस नोट थाना बांसगांव जनपद गोरखपुर दिनांक 03.07.2024

लूट का अपराध कारित करने के आरोप में 01 नफर वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जें से लूट का 4000 रुपये व घटना में प्रयुक्त एल्यूमिनियम का 03 अदद पत्ती व 01अदद चार पहिया वाहन बरामद

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा लूट संबंधित अपराधों पर अंकुश लगानें एवं अपराधियों के गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में,पुलिस अधीक्षक दक्षिणी के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी बांसगांव के पर्यवेक्षण में व थानाध्यक्ष बाँसगांव नेतृत्व में उ0नि0 रवीन्द्रनाथ चौबे मय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 413/2024 धारा-309(4) भा0न्या0सं0 से संबंधित अभियुक्त इरशाद पुत्र मुस्ताक निवासी ग्राम बेलहरी थाना खानपुर जनपद गाजीपुर को लूट के रू4000/ नगद के साथ गिरफ्तार किया गया । उक्त बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 318(4),317(2) भा0न्या0सं0 की बढोत्तरी की गयी । अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

अभियुक्त द्वारा एटीएम में एल्यूमिनियम की पत्ती लगाकर आवेदिका द्वारा निकाले गये पैसे को एटीएम मशीन में ही रोक लेना तथा आवेदिका के बाहर निकलने के बाद पैसे को एटीएम से निकाल लेने के संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर मुकदमा उपरोक्त पंजीकृत किया गया ।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-

इरशाद पुत्र मुस्ताक निवासी ग्राम बेलहरी थाना खानपुर जनपद गाजीपुर

गिरफ्तारी के अभियोग का विवरण-

मु0अ0सं0 413/2024 धारा 309(4), 318(4), 317(2) भा0न्या0सं0 थाना बांसगांव जनपद गोरखपुर

बरामदगी-

लूट का रू4000/ नगद व घटना में प्रयुक्त एल्यूमिनियम का 03 अदद पत्ती व 01 अदद चार पहिया वाहन

गिरफ्तारी की टीम-

1- उ0नि0रवीन्द्रनाथ चौबे थाना बांसगांव जनपद गोरखपुर
2- उ0नि0प्रशि0 आशीष यादव थाना बांसगांव जनपद गोरखपुर
3- उ0नि0प्रशि0 विकास सिंह भदौरिया थाना बांसगांव जनपद गोरखपुर
4- हे0का0 प्रमोद सिंह थाना बांसगांव जनपद गोरखपुर
5- हे0का0 बृजेश सिंह थाना बांसगांव जनपद गोरखपुर